
हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

11 खरखौदा, सोहटी व हलालपुर में अवैध निर्माण किए ध्वस्त



12 बजट सत्र व निगम चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार : हुड्डा



## खबर संक्षेप

### महिला लापता, पति को फोन कर बोली, मेरी तलाश मत करना

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव से विवाहिता लापता हो गई है। लापता महिला के पति योगेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी परिवार के किसी सदस्य को बिना जानकारी दिए घर से चली गई थी। बाद में किसी अन्य महिला के फोन से उसकी पत्नी का फोन आया। उसने कहा कि उसे तलाश करने की कोशिश मत करना। उसे शक है कि किसी ने दबाव बनाकर उसकी पत्नी को कहीं छुपा रखा है। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पिपली से संदिग्ध हालात में व्यक्ति लापता, केस

**खरखौदा।** पिपली गांव से एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। रवि ने बताया कि उसका पिता रविंद्र रात्रि के समय घर से बाहर गए थे, लेकिन वह लौट कर घर नहीं आए। उसे शक है कि किसी ने उसके पिता को कहीं छुपा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रेन से गिरे व्यक्ति ने पीजीआई में दम तोड़ा

**सोनीपत।** सोनीपत के जटवाड़ा के पास ट्रेन से गिरने से घायल एक व्यक्ति की मंगलवार को पीजीआई, रोहतक में मौत हो गई। व्यक्ति सोमवार को सोनीपत में जटवाड़ा के पास ट्रेन से नीचे गिर गया था। जीआरपी ने शव को पीजीआई रोहतक के शवगृह में रखवा दिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हुई है। जीआरपी थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि अंबाला-दिल्ली रेल लाइन पर सोनीपत स्टेशन व सांदल कलां स्टेशन के बीच जटवाड़ा के पास एक व्यक्ति सोमवार दोपहर ट्रेन से गिरकर घायल हो गया था।

### स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** गढ़ी सराय नामदार खां की अंबेडकर चौपाल में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी की जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अंबेडकर संघर्ष समिति रजिस्टर्ड के तत्वाधान में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों ने तिलका मांझी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्य वक्ता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह दहिया ने कहा की तिलका मांझी ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह करने वाले पहले आदिवासी नेता थे जिन्होंने 1770 के काल में गरीबों के लिए अंग्रेजी खजाना लूटा था।

# शहर की सड़कों पर कूड़े के पहाड़, 4.50 लाख जुर्माने के बाद भी एजेंसी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- शहर के पॉश इलाकों में सफाई व्यवस्था ने दम तोड़ा
- मॉडल टाउन व आठ मरला में भी नियमित रूप से नहीं हो रही सफाई
- शिकायतों के बावजूद लोगों की समस्या का नहीं हो रहा समाधान

शहरभर में विभिन्न जगह लगे कूड़े के ढेर, नियमित सफाई न होने व कूड़ा उठान में लापरवाही के मामले स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के पॉश इलाके भी अछूते नहीं हैं। प्रमुख मार्गों पर कूड़े के ढेर लगने होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद शहरवासियों की सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी केवल शिकायत लेकर आश्वासन देने तक सीमित रह गए हैं। हालांकि नगर निगम की ओर से 3 फरवरी को शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित एजेंसी को नोटिस थमाने के साथ करीब 4.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। राठधना रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के अभाव में आईटीआई की दीवार के साथ दो दिन से कूड़े का ढेर लगा हुआ है। लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। उठान न होने से कूड़े का ढेर बढ़ता जा रहा है। वहीं मॉडल टाउन व आठ मरला क्षेत्र में भी नियमित रूप से सफाई न होने के साथ कूड़े का उठान नहीं किया जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराने लगी है। नगर निगम व सफाई एजेंसी के कर्मचारियों पर कूड़ा उठान में लापरवाही बरतने का आरोप है।

- डोर टू डोर कचरा नहीं उठाया जा रहा
- घरों में बदबू का आलम

यहां तक कि घरों में से भी कई-कई दिन तक कूड़ा उठान नहीं हो रहा है। इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि संक्रमण का खतरा भी बढ़ रहा है।



सोनीपत । राठधना रोड स्थित आईटीआई की दीवार के साथ लगा कूड़े का ढेर।

### नियमों को नहीं मान रही एजेंसी अनुबंध रद्द करने की मांग

शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर नगर निगम की ओर से 3 फरवरी को संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के साथ करीब 4.50 लाख रुपये का भी जुर्माना लगाया जा चुका है। लोगों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के अधिकारी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए कई बार सख्त रवैया अपना चुके हैं। एजेंसी पर जुर्माना लगने के बाद लोगों को आस थी कि निगम क्षेत्र में जल्द स्वच्छता संबंधी सुधार दुरुस्त किए जा सकते हैं, लेकिन इसके नकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अगर संबंधित सफाई एजेंसी अब भी तय नियमों के अनुसार सफाई व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करती है तो ऐसे में अनुबंध रद्द किया जा सकता है।

### समाधान की आस में लोग कार्यालयों के काट रहे चक्कर

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ के नेतृत्व में अधिकारी करीब 10 दिन में कई बार विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कई जगहों पर सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर, नालियों की नियमित सफाई का अभाव, कूड़ा उठान में लापरवाही संबंधी मामले उजागर हुए हैं। साथ ही कुछ जगहों पर सफाई कर्मियों की गैर मौजूदगी पर अधिकारी नाराजगी भी जता चुके हैं। इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। उधर शहरवासी सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। शिकायत के बावजूद समस्या का सुधार नहीं हो रहा है।

### कोताही को सहन नहीं किया जाएगा

शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सख्त हिदायत दी गई है। अगर कहीं सफाई का अभाव है तो जल्द कर्मचारियों से जवाब तलब किया जाएगा। इसी माह लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अधिकारी खुद निरीक्षण कर शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। खामियां पाए जाने पर सफाई एजेंसी को नोटिस देने के साथ 4.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। भविष्य में हिदायत बरतने के निर्देश भी दिए गए है। अन्यथा निगम की ओर से कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

**-साहब सिंह**, मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम, सोनीपत

## किराए की मशीन से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने की कोशिश विफल

# एटलस रोड पर सफाई में लगी स्वीपिंग मशीन का प्रेशर फटा, जाम लगा



**सोनीपत।** नगर निगम क्षेत्र में सफाई का जिम्मा संभाले एजेंसी किराए की स्वीपिंग मशीन से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने के सपने बुनने की कोशिश कर रही है, लेकिन परिणाम कई बार विफल हो चुका है। ऐसे में नगर निगम की ओर से हर माह करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अव्यवस्था का माहौल कायम है। हालांकि नियमों पर खरा उतरने के लिए एजेंसी ने उपकरण भी खरीदे हैं, लेकिन वह पर्याप्त नहीं हैं। सफाई एजेंसी की ओर से सड़कों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए करीब 6 माह पहले नगर निगम से स्वीपिंग मशीन किराए पर ली थी। आलम है कि मंगलवार को एटलस रोड पर सफाई करते वक्त मशीन बीच सड़क पर ही खराब हो गई। सड़क के बीच मशीन के रूकने से देखते ही देखते जाम की स्थिति बन गई। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि मशीन को चलाने के लिए एजेंसी ने सफल कर्मियों को नियुक्त नहीं किया है। यही कारण रहा कि सड़क पर मशीन चलाते समय प्रेशर पाइप फट गया। बाद में कर्मचारियों ने मशक्क्त के बाद इसे सड़क से हटाया। तभी जाम की स्थिति पर नियंत्रण पाया गया।

### सफाई पर हर माह खर्च हो रहे पौने 2 करोड़ रुपये


नगर निगम की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित एजेंसी के साथ अनुबंध कर हर माह करीब पौने 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। आरोप है कि सफाई एजेंसी के पास पर्याप्त उपकरण उपलब्ध नहीं है। साथ ही नगर निगम से किराए पर ली गई स्वीपिंग मशीन की हालत भी ज्यादातर खराब रहती है। यही कारण है कि मशीन मंगलवार को अचानक खराब हो गई।

# सीएम फ्लाइंग का फैक्ट्री पर छापा 348 किलो घी सीज, सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री उड़नदस्ते व खाद्य सुरक्षा विभाग सोनीपत की संयुक्त टीम ने दिल्ली रोड स्थित कृष्ण डेयरी, खरखौदा पर छापेमारी की। टीम का नेतृत्व निरीक्षक बिजेंद्र, एएसआई राजेश कुमार व एफएसओ डॉ. बिरेन्द्र सिंह ने किया।

मौके पर काउंटर पर मौजूद विजय निवासी गोपालपुर ने बताया कि वह 10 हजार रुपये मासिक वेतन पर कार्यरत है और डेयरी के मालिक जितेंद्र बखेता हैं, जिनकी दूसरी दुकान धनखड़ डेयरी है। निरीक्षण के दौरान दुकान में दो डी-फ्रीज और सात ड्रम पाए गए, जिनमें करीब 350 किलो घी मिला। एफएसओ ने घी का सैंपल लेकर जांच के लिए फूड लैबोरेट्री करनाल भेजा है। डेयरी संचालक द्वारा एफएसएसएआई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर नोटिस जारी किया गया। मौके पर 348 किलो घी को



सीज कर सील कर दिया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के कारण दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

### छात्राओं को प्रोफेशनल कोर्सों व प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स दिए

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में एनएसएस व आउटरीच सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'स्नातक के बाद करियर के अवसर' विषय पर एक एक्सटेंशन कम्युनिटी लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सूरज प्रकाश यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बिट्स मोहाना के अजय ने रिसॉर्स पर्सन के रूप में छात्राओं को एमबीए, जर्नलिज्म, ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सों तथा प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सूरज प्रकाश यादव ने छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने, लक्ष्य निर्धारित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# युवक से मारपीट कर नकदी व फोन छीना

**सोनीपत।** बहालगढ़ गांव में रविवार रात दुकान से घर लौट रहे एक कारिंदे के साथ सरेआम लूटपाट और मारपीट की घटना सामने आई है। बदमाश नकदी और मोबाइल लूटकर फरार हो गए, जबकि संघर्ष के दौरान उनकी बाइक मौके पर छूट गई। 28 वर्षीय शिवदयाल वर्तमान में बहालगढ़ में किराए पर रहते हैं और मनोहर लाल की दुकान पर काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह रात को दुकान बंद कर सामान खरीदते हुए अपने कमरे की ओर जा रहे थे। कमरे के पास तीन युवक बाइक पर आए और रास्ता पूछने लगे। इसी दौरान एक युवक ने उनकी जेब से 12 हजार रुपये और मोबाइल निकाल लिया। विरोध करने पर युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शिवदयाल ने हिम्मत दिखाते हुए एक युवक को पकड़ लिया और शोर मचाया, इसी बीच एक युवक ने लोहे के कड़े से उसके सिर पर वार किया और फरार हो गए।

- युवक के विरोध करने पर बाइक छोड़कर फरार

**दोनों पक्षों ने पुलिस में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दी**

# गन्नौर मंडी के राजकीय स्कूल में हेडमास्टर व शिक्षक के बीच हाथापाई

**गन्नौर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में स्कूल के शिक्षक को स्कूल के मुख्याध्यापक द्वारा अपने बेटे व उसके साथियों को स्कूल में बुलाकर छत से नीचे फेंकने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिक्षक देवेन्द्र शास्त्री का आरोप है कि सभी शिक्षक कक्षा में बच्चों को पढ़ा रहे थे। मुख्यध्यापक रामफल के साथ उनकी केस भेजने पर बात हुई। उसके 30 मिनट बाद मुख्यध्यापक का बेटा स्कूल में 4 अपने साथियों के साथ आया और उन्हें बताया गया कि देवेन्द्र मास्टर छत पर है। उसे नीचे गिराते हुए जान से मार दो। आरोप है कि सभी युवक उन्हें पीटने लगे, स्टाफ ने उन्हें बड़ी मुश्किल से बचाया। आरोप कि उसके बाद मुख्याध्यापक अपने बेटे व चार युवकों के साथ स्कूल से फरार हो गया।

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांची, जल्द होगी कार्रवाई

### स्कूल में दीवार बनाने के रेट को लेकर दोनो में कहासुनी के बाद बिगड़ी बात

वहीं मुख्याध्यापक रामफल ने अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में कहा कि वे एक बार गाड़ी को साइड में लगाते है, फिर बताता हूं, उसके बाद उनसे संपर्क नही हो पाया। एसीपी ने बताया कि दोनो पक्षों की तरफ से शिकायत आई है। स्कूल में दीवार बनाने के रेट को लेकर दोनो में कहासुनी हुई। देवेन्द्र ने डायल 112 पर फोन करते हुए अपहरण व मारपीट की शिकायत दी। स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज में मारपीट होती दिखाई दे रही है। पुलिस जांच कर रही है। अभी तक मामला दर्ज नही हुआ है। वहीं मुख्यध्यापक वाले मामले में स्कूल के करीब 20 शिक्षकों ने भी हस्ताक्षर करके समर्थन जताया कि ये उनके सामने हुआ है





# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।





# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला





# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

### *इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं*

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। हिंदू विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं।

### हिंदू विद्यापीठ में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**सोनीपत।** हिंदू विद्यापीठ, सोनीपत में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों का तिलक के साथ स्वागत किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने संबोधित करते अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया और बोर्ड परीक्षाओं के लिए मन लगाकर मेहनत करने को कहा।


खरखौदा। स्नेहा को ट्राफी देकर सम्मानित करते आयोजक।

### वेटलिफ्टर स्नेहा सीएम के हाथों पुरस्कृत

**खरखौदा।** उत्तराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते दमखम, समर्पण और प्रतिभा का परिचय देते खरखौदा निवासी स्नेहा ने रजत पदक जीता है। उसके पिता प्रदीप ने बताया कि अपनी मेहनत, त्याग व संघर्ष से स्नेहा ने वेटलिफ्टिंग बॉडी के 59 कि.ग्रा भार वर्ग में सिल्वर जीता है। जिसके लिए सीएम नायब सैनी ने गुरुग्राम में आयोजित समारोह में पांच लाख की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें विधायक, पूर्व मेयर साथ में विद्यालय स्टाफ।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

**सोनीपत।** एकता मॉडर्न स्कूल में 9 की शाम वार्षिक समारोह हुआ । शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान तथा विशिष्ट अतिथि निवर्तमान मेयर राजीव जैन और संदीप बड़ोली ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रधानाचार्या रीना ने स्वागत भाषण में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला।

### चंडीगढ़ पहुंच वकील ढुल का करवाया नामांकन

**सोनीपत।** सोनीपत बार एसो के निवर्तमान प्रधान अनिल ढुल ने मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचकर पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चुनावों के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा व राई बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्यों सहित अन्य जिलों के वकील भी मौजूद रहे। 17 मार्च को प्रस्तावित बार काउंसिल चुनावों के लिए यह नामांकन दाखिल किया गया है।

# छात्राओं से नए शोध कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित छात्राएं सम्मानित




गोहाना। राज्य स्तर के लिए चयनित छात्राएं अपनी शिक्षिकाओं के साथ तथा सोनीपत के होली फैथ स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हें विद्यार्थी तथा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सराहनीय प्रदर्शन

राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में विज्ञान संकाय की छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। छात्राओं को प्राचार्या डा. मीनाक्षी सांगवान ने सम्मानित किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आधार पर केमिस्ट्री में आशा व जागृति और कम्प्यूटर साइंस में खुशी व स्वाति का चयन रोहतक में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए कर लिया गया। यह प्रतियोगिता 12 फरवरी को आयोजित होगी। प्राचार्य ने छात्राओं को नए शोध कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक डा. अनिल कौशिक, कम्प्यूटर साइंस से डा. अंजू कौशिक, विज्ञान संकाय के डा. पर्ल व डा. राजेश उपस्थित रहे।

### नन्हें विद्यार्थियों ने नृत्य, कॉमेडी, कविता सुनाकर जीता सबका मन

- होली फैथ स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक उत्सव, अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपनी विचारधारा से किया प्रभावित

**सोनीपत।** होली फैथ स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निखिल मदान व नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जेल अधिकारी किशन छिल्लर, सिविल सर्विसेज से सेवानिवृत्त अधिकारी जितेंद्र प्रकाश, जय युनाइटेड संगठन के संस्थापक रवि मलिक ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नन्हें बच्चों ने गणेश व सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। बच्चों ने अंग्रेजी गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी, राजस्थानी नृत्य, कॉमेडी, कविता सुनाकर सबका मन जीत लिया। अतिथियों ने अपने संबोधन से सामाजिक, सामूहिक व राजनैतिक विचारधारा पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य रेनू सरोहा ने अपने भाषण में सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए सभी को जागरूक किया।

### हिंदी वर्तनी व इंग्लिश डिक्टेशन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

- जेएलएन विद्यालय में हिंदी-वर्तनी व इंग्लिश डिक्टेशन प्रतियोगिताएं आयोजित

**गोहाना।** जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए हिंदी-वर्तनी व इंग्लिश डिक्टेशन प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आयोजित किया गया। विजेताआओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। विद्यालय में इस वर्ष इससे पहले दो प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी हैं। मंगलवार को इस वर्ष की अंतिम व निर्णायक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा अनुसार हिंदी भाषा के विजेता विद्यार्थियों में क्रमाशः प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पर कक्षा प्रथम से दीक्षांत, यशवी व अंश, कक्षा द्वितीय से विधि, अद्विक जैन व मानवी, कक्षा तृतीय से विजेता, सृष्टि व अक्षत विजेता बने। अंग्रेजी भाषा में कक्षा प्रथम से देवांश, दीक्षांत व रक्षित, कक्षा द्वितीय से अद्विक जैन, सौम्या व आरव, कक्षा तृतीय से लक्ष्य, अक्षत व तविश, कक्षा चतुर्थ से तृषा, रिहान व ध्रुव बंसल तथा कक्षा पंचम से हिमांशी,नक्श व इशिका विजेता रहे। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।


सोनीपत। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में धरने पर बैठे नॉन टीचिंग यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# वीसी पर डिप्टी रजिस्ट्रार को बिना काम के तनख्वाह देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, में लंबित मांगों को लेकर नॉन टीचिंग यूनियन का धरना जारी

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में लंबित मांगों को लेकर नॉन टीचिंग यूनियन का धरना मंगलवार को जारी रहा। कर्मचारियों ने कुलपति पर अपने कार्यालय में तैनात डिप्टी रजिस्ट्रार को बिना काम के तनख्वाह देने का आरोप लगाया। आरोप है कि कर्मचारियों के विरोध के बाद कुलपति ने नाममात्र का चार्ज अपने चहेते डिप्टी रजिस्ट्रार को दिया है। कुलपति पात्र कर्मचारियों को करीब एक साल देय एसीपी भी नहीं दे रहे हैं, पात्र कर्मियों को सरकारी आवास से वंचित रखा जा रहा है। नॉन टीचिंग यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार पुट्ठी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कुलपति की कथनी व करनी में दिन-रात का अंतर है। वह कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। कुलपति ने अपने कार्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार को खाली बैठाकर बिना काम दो वर्ष तक तनख्वाह दी। इन दो सालों में डिप्टी रजिस्ट्रार ने कुलपति कार्यालय में खाली बैठकर समय बिताया है।

### कर्मचारियों का हक

कर्मियों का आरोप है कि कुलपति कर्मचारियों पर नौ वर्क नौ पे का सिद्धांत लागू करने के बजाय अपने चहेते डिप्टी रजिस्ट्रार पर नो वर्क नो पे लागू करें। उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार को दो वर्ष खाली बैठाकर तनख्वाह देकर सरकार को लाखों रुपये का चूना लगाने का कार्य किया है। जब कर्मचारियों ने विरोध किया, तो कुलपति ने कुलसचिव के अतिरिक्त कार्यभार फर्स्ट अपीलेट अर्थोरिटी का कार्यभार डिप्टी रजिस्ट्रार को दिया है। इस कार्य भार में महीने में केवल एकाध दिन ही काम होता है। अगर कुलपति, डिप्टी रजिस्ट्रार से कार्य करवाना चाहते हैं, तो उन्हें किसी ब्रांच का स्वतंत्र कार्यभार क्यों नहीं दिया जा रहा। आरोप है कि कुलपति ने कर्मचारियों की भलाई का एक भी कार्य नहीं किया है। दो वर्षों से पात्र कर्मचारियों को एसीपी नहीं दी जा रही है, जो कि कर्मचारियों का हक है।

# कुंडली होटल में बैंक कर्मी युवक की संदिग्ध हालात में मौत, प्राथमिकी दर्ज

- दिल्ली अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित, विसरा जांच के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली स्थित एक होटल में ठहरे लैंड मोर्गेज बैंक के कर्मी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गोहाना के मैन बाजार निवासी हितेष (22) की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के नरेला स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दिल्ली में पोस्टमार्टम कराने के बाद विसरा जांच के लिए भेज दिया है। मामले में पानीपत के गांव महराणा निवासी विक्रम ने कुंडली थाना में शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि उनका भांजा हितेष 7 फरवरी की रात दोस्त मंदीप के साथ कुंडली के पारकर मॉल स्थित होटल रिलेक्स इन में ठहरा था। देर रात अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई।

### परिवार का सहारा था हितेष

हितेष के चाचा सुरेंद्र बजाड़ ने बताया कि उसके पिता मुकेश का पहले ही निधन हो चुका है और परिवार में मां शकुंतला और हितेष ही सहारा थे। बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। परिजनों के अनुसार हितेष हंसमुख, मिलनसार और मेहनती युवक था। **एडीए ने दिए केस दर्ज करने के आदेश:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले के दस्तावेज एडीए सोनीपत के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे। एडीए ने सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले का हवाला देते हुए प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाए जाने की बात कही और प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने की राय दी। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा सबका मन

- श्रीजी विद्यापीठ विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव पारितोषिक वितरण एवं सिल्वर जुबली कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। आदर्श नगर स्थित श्रीजी विद्यापीठ विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान के साथ मौजूद पुरस्कृत छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

आदर्श नगर स्थित श्रीजी विद्यापीठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव पारितोषिक वितरण एवं 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन, पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर ने शिरकत की। विद्यार्थियों ने गणेश व सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रमों की शुरुआत की। हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी नृत्य व भांगड़ा प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। स्कूल के निदेशक एवं प्रिंसिपल हरी कृष्णा लवानिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सीमा, राखी, छात्रा सिमरन, खुशी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरपर्सन अनीता लवानिया, एसके शर्मा, योगराज भारद्वाज, धर्मवीर सिंह, नीरज शर्मा, दीपक शर्मा, पवन दुग्गल, बीडी शास्त्री, प्रिंस, दीपक डुडेजा, आरसी बजाज, आदित्य रोहिल्ला, एसके गौड़, सुरेंद्र मदान, अमित पंवार, अमित उपाध्याय, कुशल, शुभम, आशा, अंजली, आदित्य, इशिका मौजूद रहे।


सोनीपत। हरियाणा टीम के विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट टीम एमराल्ड ट्राई-सीरीज़ 2026 की चैंपियन बनी

**सोनीपत।** हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने एमराल्ड व्हीलचेयर क्रिकेट ट्राई-सीरीज 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 3 से 9 फरवरी तक इंदौर में आयोजित हुआ, जिसमें हरियाणा ने पंजाब और मध्य प्रदेश जैसी मजबूत टीमों को हराकर अपराजित रहते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। हरियाणा ने लीग मैच में मध्य प्रदेश को 54 रन और पंजाब को 79 रन से हराया। फाइनल मुकाबले में भी मध्य प्रदेश को 63 रन से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में रोमाइसर वानी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जीता। उन्होंने 185 रन बनाए और 9 विकेट लिए। दिनेश राणा ने 69 रन, हासिम अली और दीपक चहल ने 6-6 विकेट तथा बलराम कौशिक ने 4 विकेट लिए। अजय राणा को सर्वश्रेष्ठ फील्डर घोषित किया गया। टीम की सफलता में कप्तान बलराम कौशिक, उपकप्तान दीपक चहल और कोच अल्ताफ अहमद की रणनीति अहम रही।

### खरखौदा, सोहटी व हलालपुर में अवैध निर्माणों को किया गया ध्वस्त : डीटीपी

**खरखौदा।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा के अनुसार एसएमडीए की टीम द्वारा खरखौदा, सोहटी व हलालपुर की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व निर्माणों पर कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान खरखौदा में अवैध रूप से निर्मित की गई 5 दुकानों व एक रेस्टोरेंट को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही गांव सोहटी में लगभग 7.5 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में 10 लेबर क्वार्टर, 25 डीपीसी, 4 बाउंड्री वॉल, 250 मीटर में बने टाईल रोड व 1.5 एकड में बने कच्चे रास्तों तथा गांव हलालपुर में 3 दुकानों व 14 लेबर क्वार्टरों को ध्वस्त किया गया। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं की जाती है।


खरखौदा। अवैध निर्माण को ध्वस्त करते जेसीबी।


सोनीपत। लघु सचिवालय में सरकार के नाम डीडीपीओ मनीष मलिक को ज्ञापन देते विकलांग संघ उमंग की जिला इकाई के सदस्य।

### दिव्यांग कर्मियों ने 2 अतिरिक्त वर्ष की सेवा समाप्त करने का जताया विरोध

**सोनीपत।** विकलांग संघ उमंग की जिला इकाई ने दिव्यांग कर्मचारियों को 58 से 60 वर्ष की आयु में मिलने वाले 2 अतिरिक्त वर्ष की सेवा विस्तार को वापस लिए जाने के विरोध जताया। इकाई के सदस्यों ने लघु सचिवालय में सरकार के नाम डीडीपीओ मनीष मलिक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में दिव्यांग कर्मचारियों ने सरकार की ओर से लिए गए निर्णय पर रोष जताया। जिला इकाई के प्रधान सुनील लाठर ने बताया कि सरकार ने 3 फरवरी के गजट अधिसूचना में दिव्यांग कर्मचारियों की 2 अतिरिक्त वर्ष की सेवा विस्तार को वापस लेकर उचित कदम नहीं उठाया है। उनकी सरकार से मांग है कि वर्ष 1988 से जो दिव्यांग कर्मचारियों को 2 वर्ष की सेवा का अतिरिक्त लाभ मिला है, उसे समाप्त न किया जाए। उक्त नीति से दिव्यांगों को मानसिक, आर्थिक व सामाजिक असुविधा का सामना करना पड़ेगा।


सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने का आह्वान

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जत्था राजकीय औद्योगिक संस्थान सोनीपत पहुंचा, जहां कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईटीआई सचिव जगबीर राणा ने की, जबकि संचालन सलाहकार सुनील दत्त ने किया। बैठक में पूर्व राज्य उप प्रधान सीलकराम मलिक, पूर्व जिला प्रधान रामेहर शर्मा, कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी, आईटीआई के राज्य उप प्रधान मुकेश नेहरा और जिला सचिव सुनील दत्त मौजूद रहे। सीलकराम मलिक ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 12 फरवरी 2026 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन लागू करने, एक्स ग्रैशिया नीति बिना शर्त लागू करने, हरियाणा के लिए आठवां वेतन आयोग गठित करने और पेंशन बढ़ोतरी की मांग उठाई।


सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### मंच हड़ताल से बाहर रहकर करेगा मांगों का समर्थन

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच एवं इससे संबंधित हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक एचएसवीपी परिसर सेक्टर-15 सोनीपत स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता हुडा यूनियन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं मंच के राज्य कोषाध्यक्ष महावीर सिंह नागर ने की प्रदेश महासचिव आरके नागर ने बताया कि मंच से संबंधित सभी यूनियनें 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग नहीं लेंगी, बल्कि बाहर रहकर मांगों का समर्थन करेंगी। इस दौरान दोपहर 12 से 2 बजे तक अपने कार्यालयों के सामने लंच समय में रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम | प्रताप स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावपूर्ण विदाई

# विद्यार्थियों को ईमानदारी और परिश्रम के साथ लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी

प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। विदाई समारोह में छात्रा को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

प्रताप स्कूल, खरखौदा में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, समूह गायन, हास्य प्रस्तुति एवं अन्य मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। फेयरवैल समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए गए यादगार पलों को सांझा किया, जिससे कई भावुक क्षण भी देखने को मिले। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रिय अध्यापकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की गई। साथ ही कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय की प्राचार्या दया दहिया ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

### पुरस्कार देकर सम्मानित किया

वहीं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि सफलता केवल अच्छे अंकों से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, सही निर्णय और निरंतर प्रयास से प्राप्त होती है। विद्यार्थियों विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। मिस्टर फेयरवैल का खिताब वंश को तथा मिस फेयरवैल का खिताब प्राची को प्रदान किया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सम्मान संस्कृति को मिला। बेस्ट हॉस्टलर अवार्ड से पार्थिक सहारण, जिया एवं संस्कृति को सम्मानित किया गया। बेस्ट स्पोर्ट्सपर्सन अवार्ड कुणाल और रिया को प्रदान किया गया। क्रिएटिव आर्टिस्ट अवार्ड स्नेहा को मिला, जबकि शो स्टॉपर अवार्ड लक्ष्य को प्रदान किया गया। अंत में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय, शिक्षकों और जूनियर्स के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सर्व कर्मचारी संघ का जत्था पहुंचा गोहाना

**गोहाना।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का एक जत्था आज 10 फरवरी को गोहाना पहुंचा। जत्थे का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय हड़ताल के लिए प्रेरित करना रहा। जत्थे की अगुवाई सर्व कर्मचारी संघ गोहाना के प्रधान सुरेश यादव ने की। सबसे पहले सोनीपत रोड स्थित सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। इसके बाद बरोदा रोड स्थित बिजली विभाग व नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों की बैठकें हुई। राज्य सचिव जगमिंदर ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए लेबर कोड किसान और कर्मचारी विरोधी हैं। इन कोडों को वापस करवाना हड़ताल का प्रमुख उद्देश्य है। इसके साथ ही हाई कोर्ट के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह जोखिम भत्ता दिलवाने की मांग भी रखी गई।

### बीजेपी और कांग्रेस एक ही थैली के चट्टे-बट्टे : सुशील गुप्ता


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष साथ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अन्य।

**सोनीपत।** नगर निगम चुनावों के मद्देनजर आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने वार्ड 19 सोनीपत में सभा कर नगर निगम चुनावों के प्रचार का श्रीगणेश किया। उनके साथ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवक्ता व जिला प्रभारी सुरेंद्र अहलावत और जिलाध्यक्ष रणबीर छिक्कारा ने भी जनता को संबोधित किया और सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किए। जनसभा को संबोधित करते डॉ. सुशील ने केंद्र सरकार की विदेश व्यापार नीति पर गंभीर सवाल उठाए। कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई हालिया ट्रेड डील भारतीय किसानों के लिए तबाही का फरमान है। इससे हमारा अन्नदाता आत्महत्या करने पर मजबूर होगा।

## खबर संक्षेप



### पदक विजेता मांशु को जीप में बैठाकर घुमाया

**गोहाना।** एसजीएफआई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता गीता मंदिर गोहाना के कक्षा 11वीं के छात्र मांशु का बुधवार को भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। बेंगलुरु से लौटने पर शहर में अंबेडकर चौक से लेकर विद्यालय तक उसे खुली जीप में बैठाकर लाया गया। शिक्षक और नागरिकों ने उसका फूलों व नोटों की मालाओं से स्वागत किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा 5 से 9 फरवरी तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र मांशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक कब्जा लिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर रूप से घायल

**गन्नौर।** नया बांस से बिलंदपुर गांव की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर दो बाइकों की भिडंत में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में गांव खुबडू निवासी जयकरण ने बताया कि वह अपनी बाइक पर ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

## निगम का सख्त रवैया, भविष्य में जुर्माना और कड़ी कानूनी कार्रवाई का अलर्ट

# अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त, दुकानदारों में मचा हड़कंप

### मामा भांजा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण व यातायात अव्यवस्था को लेकर सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंगलवार को मामा भांजा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा गया। अभियान के दौरान मुख्य मार्ग मामा भांजा चौक, बस अड्डा रोड, गीता भवन चौक, झंडी चौक, रेलवे रोड पर रेलवे स्टेशन क्षेत्र तक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रेहड़ी चालकों का सामान जब्त किया गया। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई। नगर निगम की कार्रवाई शुरू होते देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दुकानदारों ने दुकानों ने बाहर रखे सामान को समेटना शुरू कर दिया। कई दुकानदारों ने फुटपाथ व सड़क किनारे अपना सामान सजा रखा था, इससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही दिनभर कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में निगम टीम ने मौके पर कर्मचारियों की मदद से अतिक्रमण हटवाया, सड़क व फुटपाथ को खाली कराया। वहीं सामान जब्त किए जाने के बाद कई दुकानदार भावुक नजर आए, लेकिन निगम कर्मचारियों ने उनका सामान जब्त करना जारी रखा। निगम टीम के साथ पुलिस बल होने के चलते दुकानदारों की एक न चली।



**सोनीपत।** रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जूस वाले की स्टॉल जब्त करते नगर निगम कर्मचारी।



**सोनीपत।** मामा भांजा चौक स्थित दुकान पर कार्रवाई से रोकते दुकानदारों को पकड़ते व सामान उठाते निगम कर्मचारी।

### बार-बार चेतावनी देने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जारी रहेगा अभियान

अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान से पहले नगर निगम की ओर से दुकानदारों को कई बार मौखिक व लिखित रूप से चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन बार-बार समझाने के बावजूद अतिक्रमण की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लगातार मिल रही शिकायतों व यातायात जाम की समस्या को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर हर्षित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। अभियान के दौरान निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। यदि किसी भी दुकानदार द्वारा दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाने सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कई बार मिली शिकायत

अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने से पहले दुकानदारों को चेतावनी देकर हिदायत दी गई थी, लेकिन कुछ दुकानदार नियमों का उल्लंघन कर रहे है। दुकानों के बाहर सामान रखने से अतिक्रमण के साथ जाम की स्थिति भी बन रही है। इसको लेकर कई बार शिकायत मिल चुकी है। बाजारों से अतिक्रमण हटाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

*-कृष्ण कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर निगम, सोनीपत*

## विधायक ने पांची और खेड़ी रोड पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

स्वच्छ गन्नौर, स्वस्थ गन्नौर अभियान के तहत मंगलवार को विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में गांधी नगर स्थित पांची रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरुआत खेड़ी रोड पुल के नीचे से हुई और इसके बाद पांची रोड पर करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर सफाई की गई। अभियान के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने भी झाड़ू उठाकर सफाई की। इस दौरान नगरपालिका अधिकारी, पार्षद, सफाई कर्मचारी के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान किया। सड़क किनारे जाम कूड़े के ढेर को जेसीबी की सहायता से हटवाया गया। सफाई के बाद पांची रोड पूरी तरह साफ-सुथरी नजर आई। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि यदि हर व्यक्ति कूड़ा इधर-उधर फेंकने की बजाय डस्टबीन में डाले, तो गंदगी अपने आप खत्म हो जाएगी। स्वच्छता के लिए लोगों का जागरूक होना सबसे जरूरी है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, पार्षद दिनेश अदलखा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, पार्षद अजय सरोहा, नेत्रपाल रापरिया आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** गंदगी को उठा कर ट्रैक्टर में डालते विधायक देवेंद्र कादियान।

### कब्जा हटवाने की मांग

स्वच्छता अभियान के दौरान लोगों ने पांची रोड पर फैले अतिक्रमण व अवैध कब्जों का मुद्दा भी उठाया। लोगों ने बताया कि एक ओर दुकानदार सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किए हुए है, जबकि दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से दुकानें और स्टैंड बनाए गए है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा लोगों ने गांधी नगर स्थित वाटर बूस्टर पर नियमित सफाई और मेंटेनेंस न होने तथा राठी नर्सिंग होम के पास नाले के ओवरफ्लो रहने की समस्या से भी विधायक को अवगत कराया।

## बजट सत्र व निगम चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस आने वाले बजट सत्र और नगर निगम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस की नजर बजट पर बनी हुई है। आशंका है कि ये सरकार इस बजट में हरियाणा पर कर्ज का बोझ और बढ़ा सकती है। क्योंकि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, हरियाणा की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती गई है। राज्य का कर्ज हरियाणा के गठन से 2014 तक महज 60 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गया है। ये सरकार चार्वाक की नीति पर चल रही है। टीकाराम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेंद्र दहिया के सेक्टर 23 स्थित निवास स्थान पर पहुंचें भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के सारे चुनावी वादे झूठे साबित हो रहे हैं। सरकार ने चुनाव में सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल चंद महिलाओं को ही यह राशि दी जा रही है।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा साथ में कांग्रेस नेतागण।

### प्रदेश में अपराध चरम पर

कानून व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए हुड्डा ने कहा कि आज प्रदेश में संगठित अपराध चरम पर है। बदमाश बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं और वो वारदातों को अंजाम देने के बाद बाकायदा उनकी जिम्मेदारी लेते हैं। राज्य में ऐसी 80 से ज्यादा गैंग सक्रिय हैं, जो हत्या, लूट, डकैती और फिरौती की वारदातों को अंजाम दे रही हैं। इस दौरान पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम दहिया, जिला अध्यक्ष कमल दीवान, संजीव दहिया, सुरेंद्र शर्मा, मनोज रिढ़ाऊ, जयभगवान अंतिल, जयपाल कादयान, कमल हसीजा, बंसीलाल कुंडू, संजय बड़वासनी आदि मौजूद रहे।

## डॉ. कमलेश ने हरियाणा और पंजाब के साहित्यकारों के साथ बिताए हर्ष मिश्रित पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अंबाला के एसडी कॉलेज में समारोह का आयोजन

अंबाला के एसडी कॉलेज में प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट एवं हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान छठी साहित्यिक कांक्लेव में पुस्तक समीक्षा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सोनीपत के टीकाराम कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. कमलेश मलिक ने भी अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. कमलेश मलिक ने बताया कि सम्मेलन में हरियाणा व पंजाब प्रांत से आए अनेक साहित्यकारों ने भाग लिया। साहित्यकारों के साथ मिलकर उन्होंने कुछ हर्ष मिश्रित पल बिताए। समारोह में साहित्यकारों की ओर से लिखी गई पुस्तकों की अन्य साहित्यकारों ने समीक्षा की।



समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। बता दें कि डॉ. कमलेश मलिक एक शिक्षाविद होने के साथ साहित्यकार भी हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा व महिलाओं के अधिकारों की जागरूकता पर हमेशा जोर दिया है। डॉ. कमलेश मलिक का कहना है कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं जागरूक व मजबूत होना चाहिए। जागरूकता ही महिला का वह हथियार है, जिसके माध्यम से महिला अपने हितों की रक्षा कर सकती है।



### गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेकर लौटी निकिता का अभिनंदन

**सोनीपत।** राष्ट्रीय स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रही जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनसीसी कैडेट निकिता के कालेज लौटने पर भव्य अभिनंदन किया गया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने निकिता का स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। रिपब्लिक-डे कैंप सफलतापूर्वक पूर्ण करने उपरांत लौटी एनसीसी कैडेट निकिता आज जीवीएम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई।

### खेल राज्यमंत्री ने युवाओं को खेल में आगे बढ़ने और नशे से दूर रहने का किया आह्वान

## युवा शक्ति के दम पर 2047 तक भारत बनेगा विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति : गौरव गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के खेल एवं युवा अधिकारिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने विद्यार्थियों को वार्षिक समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वार्षिक समारोह विद्यार्थियों के लिए केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों का आईना होता है। राज्यमंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को हिन्दू स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं के सामने विकसित भारत 2047 का जो संकल्प रखा है, उसे साकार करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और महाशक्ति बनेगा और इसका श्रेय आज के विद्यार्थियों और युवाओं को जाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य और नवाचार के क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। राज्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज पूरे देश और दुनिया में खेलों के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी मात्र 2 प्रतिशत है, लेकिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाले 70 प्रतिशत से अधिक पदकों पर हरियाणा के खिलाड़ियों का कब्जा रहता है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खेल मंत्री गौरव गौतम साथ में हिंदू संस्था चेयरमैन एवं अन्य।

### सरकार प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध

*मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश को नशामुक्त और खेलयुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और सकारात्मक दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम खेल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। इस मौके पर ओपी गर्ग, हिन्दू संस्था के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, राजेश कुमार, रवि प्रकाश अग्रवाल, अनुज मित्तल, अरूण भारद्वाज, अजय गुप्ता, डीडीपीओ मनीष मलिक, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।*

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## न्यूज डायरी

### शिव महापुराण कथा के शुभारम्भ पर निकाली विशाल कलश यात्रा

**गन्नौर।** शिव रात्रि के उपलक्ष्य में लहरी सिंह पार्क में होने वाली शिव महापुराण कथा के शुभारम्भ पर मंगलवार को विशाल कलश यात्रा मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में शिव जोतराम मन्दिर व शिव जन कल्याण



सेवा समिति के पदाधिकारियों ने संयोजक रवि मदान के नेतृत्व में शमशेर सिंह पांची जाटान, दीपक मदान, सन्नी पांचाल, लक्की मदान आदि ने व्यवस्था संभाली। संयोजक रवि मदान के नेतृत्व में शुरू हुई कलश यात्रा लहरी सिंह पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापिस पार्क में आकर समाप्त हुई। इसके बाद कथा वाचक श्रीधाम वृंद्धावन से आए सुधीर जी महाराज ने शिव पुराण महिमा के बारे में बताया। कथा वाचक श्रीधाम वृंद्धावन ने कहा कि शिव पुराण हिंदू धर्म के अठारह प्रमुख पुराणों में एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण ग्रंथ है। शिव पुराण यह सिखाता है कि भगवान शिव करुणा, वैराग्य, तप और ज्ञान के प्रतीक हैं। सुधीर महाराज ने कहा कि पुराण में सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार के रहस्यों का वर्णन करते हुए शिव को परम ब्रह्म के रूप में स्थापित किया गया है।



### दीक्षा नर्सिंग क्रिकेट टीम की जीत

**गन्नौर।** यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा, में दीक्षा नर्सिंग क्रिकेट कप का दूसरा मुकाबला रोमांचक अंदाज में खेला गया। इस मैच में अनूप इंदौरा की कप्तानी वाली दीक्षा नर्सिंग क्रिकेट टीम ने दीपक मलिक की डीएम11 क्रिकेट टीम को 3 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर दीक्षा नर्सिंग क्रिकेट टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएम-11 क्रिकेट टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाए और दीक्षा नर्सिंग टीम के सामने 212 रनों का लक्ष्य रखा। ष्ठरू-11 की ओर से नवीन पंघाल ने 59 रन और प्रदीप कादियान ने 54 रन की बेहतरीन पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। दीक्षा नर्सिंग टीम की गेंदबाजी की बात करें तो संदीप शर्मा और इकबाल ने 2-2 विकेट लेकर टीम को अहम सफलता दिलाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दीक्षा नर्सिंग क्रिकेट टीम ने सधे हुए खेल का प्रदर्शन करते हुए 23.1 ओवर में 7 विकेट खोकर 212 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### विकसित भारत लक्ष्य को साकार करेगी जी राम जी योजना : सैनी

**गोहाना।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं प्रभारी परमवीर सैनी ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना से विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा। इस योजना से विशेषतः ग्रामीण इंन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वे मंगलवार को कथूरा मंडल के गांव धनाना में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ग्रामीणों को इस योजना के लाभ बता रहे थे। परमवीर सैनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा योजना में काफी खामियां थी। इसी के दृष्टिगत सरकार द्वारा विकसित भारत जी राम जी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत मजदूरों को एक साल में 100 दिन की बजाए 125 दिन की मजदूरी मिलेगी और भुगतान की देरी होने पर ब्याज सहित मजदूरी मिलेगी। इस मौके पर भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना, कथूरा मंडल अध्यक्ष अशोक सेन, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाटायन, जगदीश जाटायन, लक्ष्मन खनगवाल, हुकमचंद, आर्यन घणघस, जयनारायण सैनी, मनोज, राजू खनगवाल, श्रीराम, नीलम और रामकिशन उपस्थित रहे।



### महिला विश्वविद्यायल में एक दिवसीय विस्तारक व्याख्यान का आयोजन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के समाज कार्य विभाग में मंगलवार को एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. दीपाली माथुर ने की। यह कार्यक्रम चिकित्सीय एवं मनोरोग क्षेत्र में समाज कार्य विभाग की भूमिका विषय पर आयोजित किया गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। ऐसे में समाज कार्यकर्ताओं की भूमिका और अधिक बढ़ जाती है। इस प्रकार के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक सत्र विद्यार्थियों को न केवल विषय की गहराई समझाते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं। उन्होंने विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विभाग की प्रमुख पूर्व छात्रा एवं प्रख्यात एलुमनाई डा. आशा थीं। उन्होंने छात्राओं से विषय संबंधित प्रश्न पूछे और उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. मंजू पंवार व छात्राएं उपस्थित रहीं।




### संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी स्थित लक्ष्मी मॉर्डन विद्यालय में मंगलवार को संस्कृत श्लोकोच्चारण व श्लोक लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में कक्षा तीसरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिताओं की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी मंजीत लाठर ने की और संयोजन प्राचार्या पूनम लाठर का रहा। प्रतियोगिताएं प्रीत सिंह लाठर शिक्षा समिति द्वारा आयोजित की गई। कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में भाग लिया जबकि कक्षा तीसरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने श्लोक लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में कक्षा छठी की छात्रा परी प्रथम, कक्षा 7वीं की छात्रा इंदू द्वितीय और मानवी तृतीय स्थान पर रही। श्लोक लेखन में कक्षा चौथी के छात्र मनप्रीत प्रथम, कक्षा तीसरी की नैंसी द्वितीय और कक्षा 5वीं की रिया व अनुष्का संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।